**आकाशवाणी शिमला**
**02.7.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे**

## मुख्यमंत्री

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर में 10 जुलाई को होने वाले उप चुनाव के लिए अब 8 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार लगातार जोर पकड़ रहा है। भाजपा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रैलियों व नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से वोट मांग रहे हैं। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर विघानसभा क्षेत्र के पांडवी, ताल, रोहलवीं पटटा, कालाअंब, नाल्टी और अमरोहा में पार्टी प्रत्याशी पुष्पिंद्र वर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान नुक्कड़ चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर के पूर्व निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा जनसेवक नहीं बल्कि ठेकेदार हैं। उन्होंने कहा कि आशीष शर्मा ने पूर्व भाजपा सरकार में 50 करोड़ के ठेके लिए मौजूदा कांग्रेस सरकार के 14 महीने के कार्यकाल में एक सौ 35 करोड़ के ठेके लिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आशीष शर्मा विधायक रहते केवल टेंडर मांगने के लिए आते थे। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक की नियत में खोट है, इसलिए वह भाजपा के हाथों में बिक गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे राजनीतिक बुराई का अंत करने की लड़ाई लड़ रहे हैं और इसमें प्रदेश वासियों का साथ चाहिए।

## कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने कहा है कि पंचायतीराज संस्थाओं के जन प्रतिनिधि अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्हें न्यूनतम समय में पूरा करना सुनिश्चित करें। इससे क्षेत्रवासियों को समय पर इन कार्यों पर लाभ हो सकेगा। विधानसभा अध्यक्ष आज चुवाड़ी में इस क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के प्रधानों उप–प्रधानों और पंचायत सचिवों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जन प्रतिनिधियों को मनरेगा से संबंधित विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। विधानसभा अध्यक्ष ने ये भी कहा कि विकास कार्यों को पूरा करते समय मनरेगा मजदूरों को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर प्रदान किए जाएं।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला जिला प्रशासन को सुन्नी बांध परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास को प्रथामिकता देने को कहा है ताकि स्थानीय लोगों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। विक्रमादित्य सिंह आज शिमला में सुन्नी बांध जल विद्युत परियोजना की राहत व पुनर्वास योजना की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों के समाधान के लिए एसडीएम शिमला ग्रामीण और एसडीएम कुमारसैन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने राहत व पुनर्वास योजना के तहत रोजगार का विकल्प चुनने वाले परिवारों की एकमुश्त अनुदान प्रदान करने मांग को देखते हुए उन्हें दोबारा से विकल्प चुनने का मौका देने के भी आदेश दिए। उन्होंने परियोजना प्रभावित परिवारों को नौकरी और उनके वाहनों को किराए पर प्राथमिकता के आधार पर लेने के निर्देश भी दिए। इस बीच विक्रमादित्य सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार तीन नए अपराधिक कानूनों पर संसद में चर्चा की विपक्ष की मांग को स्वीकार करे क्योंकि इन कानूनों को बिना चर्चा के विपक्ष की गैर मौजूदगी में पास किया गया है।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा एक समुदाय विशेष को हिंसक कहना निंदनीय है। बिंदल ने आज शिमला में राहुल गांधी के इस बयान से समुदाय विशेष की भावनाएं आहत हुई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को इस टिप्पणी के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। इस बीच बिंदल ने आरोप लगाया है कि प्रदेश माफिया की गिरफ्त में है और सरकार उप–चुनावों में मस्त है। बिंदल ने आज नालागढ़ में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने इन दिनों अपना घर देहरा को बना लिया है और राज्य के अन्य हिस्सों में सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गोलियां चलना आम बात हो गई है और जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि इस समय प्रदेश में पति पत्नी और मित्रों की सरकार चल रही है जो युवा विरोधी और बेरोजगारों को ठगने वाली सरकार है। बिंदल ने ये भी कहा कि कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण हिमाचल कर्ज के जाल में बुरी तरह फंस गया है।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम लगातार जारी है। बीते 24 घंटों के दौरान कांगड़ा और आस–पास के ईलाकों में भारी वर्षा हुई जबकि अन्य स्थानों पर भी मॉनसून की व्यापक वर्षा हुई। इस दौरान कांगड़ा में 76, नैना देवी में 45, बरठीं में 42, चुवाड़ी में 35 और धर्मशाला में 31 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है जबकि अधिकतम तापमान सामान्य है। विभाग ने आगामी 8 जुलाई तक राज्य में अधिकांश स्थानों पर मॉनसून की वर्षा होने की संभावना जताई है। विभाग ने 6 जुलाई तक ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों में कुछ स्थानों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच पिछले कुछ दिनों से मॉनसून की वर्षा में आई कमी से राज्य के मैदानी और मध्य पर्वतीय इलाकों में लोगों को उमस भरी जोरदार गर्मी का सामना करना पड़ता है।

**बैड़मिंटन**

शिमला जिला स्तरीय बैड़मिंटन प्रतियोगिता 20 जुलाई से 23 जुलाई तक इंदिरा गांधी खेल परिसर शिमला में आयोजित की जाएगी। शिमला जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन बलवंत झौटा ने कहा कि ये प्रतियोगिता 11 वर्ष आयु वर्ग से लेकर 19 वर्ष आयु वर्ग और सीनियर वर्ग में खेली जाएगी। ये प्रतियोगिता महिला और पुरूष दोनों वर्गों में आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन इस वर्ष से अंपायरिंग के लिए परीक्षा का आयोजन भी करेगी।

**एन.टी.ए.**

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए में मजबूत तंत्र विकसित करने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों से सुझाव व प्रतिक्रिया मांगी हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से परीक्षा प्रक्रिया में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की संरचना व कार्यप्रणाली पर सुझाव और विचार मांगे हैं। सुझाव 7 जुलाई तक भेजे जा सकते हैं।

———————————————————————